प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक : 01.11.2025 समय : 02.10पीएम

## स्थापना दिवस

आज मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आज से 3 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान गीत, संगीत, नृत्य, कला, शिल्प कला, छायाचित्र, सांस्कृतिक यात्रा, ड्रोन शो, आतिशबाजी जैसी गतिविधियों के माध्यम से मध्यप्रदेश की विरासत और विकास के रंग देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6.30 बजे 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस "अभ्युदय मध्यप्रदेश" का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## विकसित मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर "अभ्युदय मध्यप्रदेश" के अंतर्गत विकसित मध्यप्रदेश 2047 दृष्टि पत्र का अनावरण एवं विमोचन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने MP ई–सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप तथा Wash on Wheels मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया। इन अभिनव पहलों से प्रदेश डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नई उड़ान भरेगा, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और शहरी स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में  उद्योग,शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिये प्रयास किये जा रहे है।

## प्रधानमंत्री – छत्तीसगढ दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ के एक दिन के दौरे में नवा रायपुर में ब्रह्मकुमारी शांति शिखर का उद्घाटन किया। यह आधात्मिक शिक्षण, शांति और ध्यान के लिये समर्पित विशेष आधुनिक केन्द्र है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र का विकास उसके राज्यों के विकास से जुडा है और सरकार इस मंत्र से निदेर्शित होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जीएसटी बचत उत्सव

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ इस उत्सव की शुरुआत की थी। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लोगों को काफी लाभ हुआ है।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में नवंबर माह के पहले सप्ताह में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और बड़वानी जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। राजधानी भोपाल में बादल छाए रहेंगे और शाम को हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में –

- शिवपुरी जिले में बूथ लेवल ऑफिसर को मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कल दिया गया।
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत कल धार जिला मुख्यालय पर  जिला स्तरीय पी.एम. आवास मेला शहरी का आयोजन किया गया।

————————————